सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस
दिनांक –01.04.2024

थाना जालौन पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना में वांछित अभियुक्त को आलाकत्ल के साथ 02 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

आज दिनांक 01.04.2024 को ग्राम सहाव में शव मिलने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा मय पुलिस बल के मौके पर जाकर शिनाख्त की गई तो मृतक की पहचान रामकुमार पुत्र चिन्तामन उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम सहाव कोतवाली जालौन जनपद जालौन के रूप में हुई। मृतक के भाई श्री रामचन्द्र की तहरीर के आधार पर कोतवाली जालौन में मु0अ0स0 88/2024 धारा 302 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा घटना में वान्छित अभियुक्त रामरमैया दास पुत्र लालजी लाल द्विवेदी नि0 ग्राम गडेरना थाना रेंढर जनपद जालौन को घटना के 02 घण्टे के अन्दर आलाकत्ल ईंट के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

पूछतांछ का विवरण-

अभियुक्त रामरमैया द्वारा बताया गया कि दिनांक 31.03.2024 की रात को रामकुमार व रामरमैया द्वारा साथ में शराब पी गई तथा नशे में किसी बात को झगड़ा होने पर रामरमैया द्वारा रामकुमार की ईंट मार दी जिससे रामकुमार की मृत्यु हो गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1. रामरमैया दास पुत्र लालजी लाल द्विवेदी नि0 ग्राम गडेरना थाना रेंढर जनपद जालौन।

बरामदगी का विवरण-

1. आलाकत्ल ईंट

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक थाना जालौन मय पुलिस टीम।